प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.06.2025/प्रादेशिक समाचार/1500

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चन्द्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश में बड़े स्तर पर ट्रांसफर माफिया काम कर रहा है और शिक्षा विभाग ट्रांसफर का पिंडौरा बॉक्स बन गया है जिसमें मुख्यमंत्री को लगाम लगानी चाहिए। शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि हर विभाग में ट्रांसफर और एडजस्टमेंट का पेशा चल रहा है लेकिन शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग व कार्यकर्ता इन ट्रांसफरों में शामिल होकर सरकार की छवि खराब कर रहे हैं जिसमें लगाम लगाने की जरूरत है और इसी मामले को लेकर नीरज भारती ने नाराजगी जाहिर करते हुए अपनी बात कही है।

गौरतलब है कि कल रात कृषि मंत्री चंद्र कुमार के पुत्र नीरज भारती ने सोशल मीडिया पर मंत्री के इस्तीफे संबंधि खबर पोस्ट की थी। इस बीच चंद्र कुमार ने केंद्र से 2023 की आपदा के लिए मिली 2006 करोड़ की राहत राशि को ऊंट के मुंह में जीरे के समान करार दिया और कहा कि जितना नुकसान का आकलन हुआ है उसके मुकाबले कम राशि केंद्र सरकार से मिली है।

.................................................................

एक देश–एक चुनाव

एक देश–एक चुनाव पर मंथन के लिए सांसद पी.पी चौधरी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति इन दिनों शिमला के दौरे पर हैं। समिति ने कल प्रदेश विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और वार काउंसलिंग के पदाधिकारियों से चर्चा की थी। बाद में समिति के सदस्यों ने राजभवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भी शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने समिति के सदस्यों से बातचीत की और उन्हें हिमाचली टोपी और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान समिति के सदस्यों के सम्मान में रात्रिभोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि अब केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की तरफ से एक देश–एक चुनाव करवाने को लेकर खुला समर्थन मिल रहा है।

.................................................................

गडकरी–सड़क दुर्घटनाएँ

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में सड़क दुर्घटना में घायल होने वालों के निशुल्क उपचार की राष्ट्रव्यापी योजना के कार्यान्वयन पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने देश भर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। नितिन गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। केन्द्र सरकार ने 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है।

---

योग दिवस

21 जून को आयोजित किए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेशभर में तैयारियां जोरों पर है। आयुष विभाग सहित अन्य सामाजिक संस्थाएं लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस वर्ष योग दिवस की थीम है एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग। दूसरी ओर देशभर में योग दिवस के योग संगम कार्यक्रम के लिए अब तक 4 लाख से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया है। आयुष मंत्रालय के मुताबिक देश में पहली बार किसी कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में भागीदारी की पुष्टि हुई है।

---

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने का फैसला किया है। इसके लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत मतदाता सूची में नए मतदाताओं को शामिल करने या मौजूदा मतदाताओं के किसी भी विवरण में बदलाव के साथ ही नया पहचान पत्र 15 दिनों के भीतर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

---